newsjankalyanseva@gmail.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २३ | अंक - ४ | १२ से १८ फरवरी २०२४ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

# टकराव , सुलह और हत्या

मुंबई में फेसबुक पर सीधे प्रसारण के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के एक पूर्व विधायक के बेटे की जिस तरह गोली मार कर हत्या कर दी गई, वह अपने आप में एक दहला देने वाली घटना है। इसमें हत्या करने वाले व्यवसायी ने खुद को भी गोली मार कर खुदकुशी कर ली। इसलिए यह मामला बेहद उलझ गया लगता है। हालांकि शुरुआती जांच के मुताबिक दोनों में लंबे समय से निजी दुश्मनी थी और इसी प्रतिद्वंद्विता में उनके बीच पहले भी टकराव हो चुके थे, मगर वह एक-दूसरे के लिए परेशानी पैदा करने तक सीमित था। कुछ समय पहले दोनों के बीच सुलह हो गई थी और उन्होंने अपने इलाके के हित के लिए मिल कर काम करने की घोषणा की थी। मगर ताजा घटना से यह साफ है कि पहले की दुश्मनी इस हद तक थी और उसकी जड़ें इतनी गहरी थीं कि फेसबुक पर बातचीत के सीधे प्रसारण के दौरान हत्या की यह त्रासद घटना हुई। संभव है कि इस वाकये की जांच में कुछ प्रत्यक्ष कारणों से इतर कुछ और वजहें भी सामने आएं, मगर इतना साफ है कि मरने वाले दोनों लोगों के बीच संबंधों में जैसी तल्खी थी, उसका अंजाम कुछ भी हो सकता था। हालांकि राजनीति की दुनिया में कब आपसी टकराव दुश्मनी की शक्ल ले ले या फिर आम लोगों को चौंकाते हुए सुलह सामने आ जाए, कहा नहीं जा सकता। हाल ही में महाराष्ट्र के ही उल्हासनगर में एक भाजपा विधायक और उसके एक साथी ने जमीन विवाद की वजह से एकनाथ शिंदे के गुट वाले शिवसेना के एक नेता पर पुलिस थाने के भीतर गोलीबारी कर दी थी। इस तरह की आपराधिक घटनाओं को अब जिस तरह बिना किसी हिचक के सार्वजनिक रूप से अंजाम दिया जा रहा है, उससे लगता है कि कानून-व्यवस्था का खौफ खत्म हो गया है। सोशल मीडिया पर बातचीत के सीधे प्रसारण के दौरान हत्या की घटना यह बताती है कि जब दुश्मनी का रूप बेहद जटिल हो जाता है, तब शायद बहुत सोच-समझ कर ऐसा तरीका आजमाया जाता है, जो व्यापक पैमाने पर लोगों पर असर डाले। अपराध की यह बदलती प्रकृति सरकार और पुलिस-प्रशासन के लिए एक चुनौती है कि इनसे कैसे निपटा जाए। मगर कानून का खौफ कायम कर अपराध की रोकथाम भी संभव है।

## मनपा का @ २०४७ परिषद का आयोजन संपन्न



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: भारत @ २०४७ में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी तक राष्ट्र को एक विकसित देश के रूप में बदलने की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी दृष्टि को लेकर मीरा भायंदर महानगरपालिका द्वारा मीरा भायंदर @ २०४७ परिषद का आयोजन किया था. यह आयोजन ९ तथा १० फरवरी लतामंगेशकर नाट्यगृह में हुआ. मनपा आयुक्त संजय काटकर ने बताया की इस कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय परिषद के दौरान शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सिटी ब्रांडिंग, सुरक्षा, पर्यावरण तथा आरोग्य विषयो पर नामांकित लोग परिषद के दौरान चर्चा करेंगे तथा प्राप्त सुझावों का डॉक्यूमेंट्स बनेगा. बाद में सरकार की मंजूरी के बाद उसे लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया की वर्ष २०४७ अर्थात आजादी के शताब्दी वर्ष यानी आगामी २५ वर्षों में शहर का परिचालन कैसे हो, उसकी नीव रखने का प्रयास है। यहां यह गौरतलब है की मीरा भायंदर @ २०४७ परिषद युवाओं को अपने सुझाव देने और २०४७ तक विकसित भारत के लिए सामूहिक दृष्ठिकोण को आकार देने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

# क्या समीर के सिंडिकेट रैकट के चलते बीयर बार व्यापारियों का हाल हुआ बेहाल?

भाईंदर : मिरा-भायंदर वसई विरार आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले काशीमीरा से गुजरात हाईवे तक महा मार्ग पर बीयर बार व्यापारियों का बुरा हाल हो रहा हैं, कई बार बंद होने के कगार पर चल रहे है, जैसे मंन्त्रा (चेकनाका) व संगीत बार. एक बार चालु करने के लिए बार मिलिक न जाने कितने लाइंसेंस निकालता है व सरकार को कर देता है, इसके अलावा समीर का सिंडिकेट रैकट को भी हफ्ता देता है, ऐसा बारों में चर्चा का विषय है, उसकी वजह से बार व्यापारी पर बहुत ही दबाव दिखाई दे रहा है.

देर रात तक जो बार चलते है उनसे पैसा वसुली की जाती है. जिसके चलते अगर किसी बार वाले ने पैसे देने से इंकार किया तो उसे बार बंद करवाने की धमकी दी जाती है व हॉटल में अपना कर्मचारी बैठा कर बार मालिकों पर दबाव बनाया जाता है और उस बार पर झुठा केस बना कर बार मालिकों को परेशान किया जाता है. ऐसा चर्चा का विषय है कि मिरा भायंदर में कई स्पा पार्लर पर झुठे केस दर्ज किए गए है, और केस दर्ज के नाम पर पैसा वसुला जाता है ऐसा चर्चा का विषय बना हुआ है.

यह सब कुछ भ्रष्ठ पुलिस आधिकारियों की मीली भगत से यह सिंडिकेट चलाया जा रहा है, अगर इसे समय रहते नहीं रोका गया तो कई पुलिस वालों पर गाज गिर सकती है. जैसे पहले भी कई पुलिस वालों पर हफ्ता वसुली के मामले दर्ज हुए थे.

# चोरी के शक के चलते व्यक्ती की हुई मौत



**जेकेएस संवाददाता**

**भाईंदर :** मुम्बई से सटे मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले नवघर पुलिस थाने की हद्द मे एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पुलिस उप आयुक्त प्रकाश गायकवाड.द्वारा दी गई जनकारी के मुताबिक ५ फरवरी २०२४ को थाने को एक लाश नवघर पुलिस मिलने की खबर मिली पुलिस तुरन्त घटनास्थल पर पहुंची तो पता चला कि ये एक मर्डर केस है. पोस्टमार्टम और डाक्टर की रिपोर्ट के बाद धारा ३०२ के तहत मुकदमा दर्ज किया गया. तहकीकात के दौरान पुलिस को पता चला कि एक ३० से ३५ साल का व्यक्ती जो चोरी के मकसद से वहां गया था लेकिन वंहा के लोगों ने उस के साथ मारपीट की जिसकी वजह से उस व्यक्ती की मौत हो गई। इस घटना मे शामिल ४ आरोपियों को पुलिस ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर के आगे की कार्रवाई में जुट गई है। अपने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में नवघर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक धीरज कोली ने अपने पूरे स्टाफ के साथ मिल कर इस घटना को को कुछ ही घंटों मे सुलझा कर अंजाम तक पहुंचाया है।

# महाराष्ट्र में गुंडों का समर्थन करनेवाले मुख्यमंत्री से जवाब नहीं मांगा जाता है - संजय राऊत

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : शिवसेना उपनेता विनोद घोसालकर के पुत्र व पूर्व नगरसेवक अभिषेक घोसालकर के पार्थिव शरीर की कल बोरिवली स्थित दौलतनगर श्मशान भूमि में अत्यंत शोकाकुल माहौल में अंत्येष्ठि की गई। शिवसेना नेताओं के साथ पदाधिकारी और हजारों शिवसैनिक अभिषेक की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। अभिषेक पर फायरिंग की घटना को लेकर शिवसैनिकों में भारी आक्रोश है। सिर्फ शिवसैनिकों में ही नहीं, बल्कि सर्वसामान्य जनता में भी राज्य में आपराधिक मामलों में वृद्धि को लेकर घाती सरकार के खिलाफ प्रचंड नाराजगी है। विरोधी पक्ष सरकार पर टूट पड़ रहे हैं। महाराष्ट्र गुंडों के हाथ में



चला गया है। गुंडागर्दी और जंगलराज रोकने में खोके सरकार असफल साबित हुई है। राज्य में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ गई हैं। इसलिए तत्काल सरकार बर्खास्त कर महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए, ऐसी मांग विरोधी पक्षों की ओर से की गई है। अभिषेक घोसालकर पर गोलीबारी की घटना के बाद राज्य भर में तीखी प्रतिक्रियाएं हो रही हैं। पिछले कुछ दिनों से एक के बाद एक गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं। इससे विपक्षी दलों में सरकार के प्रति गुस्सा बढ़ गया है। शिवसेना नेता व सांसद संजय राऊत ने कहा है कि महाराष्ट्र की जनता विफल और अक्षम गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस के इस्तीफे की मांग कर रही है। पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र में लगातार गुंडागर्दी देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री से मिलने गुंडे मंत्रालय आ रहे हैं। प्रदेश में गुंडों को कांट्रैक्ट दिए जा रहे हैं। आठ हजार करोड़ रुपए का एंबुलेंस ठेका किसे मिला? इसमें कितने माफिया हैं? संजय राऊत ने यह भी सवाल उठाया है कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन का बैनर कौन लगाता है, इसे देखो। भाजपा विधायक गणपत गायकवाड ने गोलीबारी की। इसमें एकनाथ शिंदे और श्रीकांत शिंदे का नाम आया। एकनाथ शिंदे की जांच होनी चाहिए थी, लेकिन उनकी जगह कोई और होता तो उसकी जांच होती। संजय राऊत ने यह भी आलोचना की कि झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया जाता है, लेकिन महाराष्ट्र में गुंडों का समर्थन करनेवाले मुख्यमंत्री से जवाब नहीं मांगा जाता है।

# बंदूक लाइसेंस की समीक्षा होगी - गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : पिछले नौ सालों में मुंबई में गोलीबारी की १६ घटनाएं हुई हैं, जिसमें १७ लोगों की मौत हुई। इस साल यानी २०२४ में गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो चुकी है। साल २०१७ में मुंबई में फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई थी, वहीं २०१८ और १९ में गोलीबारी में क्रमश: दो और एक व्यक्ति की मौत हुई थी। वर्ष २०२० में मुंबई में कोई गोलीबारी की घटना नहीं हुई। इसके बाद वर्ष २०२१ में गोलीबारी में दो और साल २०२२ में एक व्यक्ति की मौत हुई थी, वहीं साल २०२३ में गोलीबारी की दो घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई थी। सबसे अधिक ९० का दशक रक्तरंजित रहा, जब मुंबई में गैंगवॉर छिड़ गया था। १९९९ में मुंबई में गोलीबारी में सबसे ज्यादा ९१ लोगों की मौत हुई थी। गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि राज्य में बंदूक लाइसेंस की समीक्षा होगी। मुंबई में लगभग १०,००० आग्नेयास्त्र लाइसेंस जारी किए गए हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में दो से तीन हजार असलहा लाइसेंस बांटे गए हैं। मुंबई पुलिस द्वारा नियमित रूप से उनकी समीक्षा की जाती है।

# होटल सत्यम पैलेस लॉज के संचालक सुनिल परब के खिलाफ मामला दर्ज

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : मीरा रोड पूर्व क्षेत्र में मुंबई- अहमदाबाद हाईवे के पास महाजनवाडी में स्थित होटल सत्यम पैलेस लॉज के संचालक द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए ३० से ३५ फीट पुराने पिंपल के पेड.की हत्या करने के संबंध में काशीमीरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। एक सामाजिक कार्यकर्ता ने ३० से ३६ फीट ऊंचे पिंपल के पेड.को काटने की शिकायत नगर पालिका से की थी। मीरा भाईंदर मनपा के उप मुख्य उद्यान अधीक्षक के




आदेशानुसार उक्त पेड.की कटाई वाले स्थान का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया। पता चला है कि मनपा ने होटल को पेड.की टहनियों को छाटने हेतु अनुमति प्रदान की थी परंतु संबंधीतो ने पूरा पेड.ही काट दिया था। उप मुख्य उद्यान अधीक्षक नागेश विरकर की शिकायत के मुताबिक होटल सत्यम पैलेस के संचालक सुनील परब के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। काशीमीरा पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले के मार्गदर्शन में पुलिस उक्त अपराध की जांच कर रही है।

# मनपा के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : सहायक रिटर्निंग अधिकारी (ठाणे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) और डिप्टी कलेक्टर के कार्यालय ने मीरा भाईंदर महानगरपालिका के एक वरिष्ट अधिकारी को एक नहीं बल्कि दो कारण बताओ नोटिस भेजे हैं, जिसमें चुनाव तैयारी कर्तव्यों को छोडऩे और रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफलता/देरी के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह नोटिस ६ फरवरी को मीरा भयंदर १४५ विधानसभा क्षेत्र के जोन २ के लिए क्षेत्रीय अधिकारी के रूप में नागेश इरकर नामक अधिकारी को जारी किया गया था, जो वर्तमान में एमबीएमसी के उद्यान विभाग के उप मुख्य अधीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन विभाग ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला (२९ जनवरी से ३० जनवरी तक) का आयोजन किया था। चूंकि सहायक रिटर्निंग अधिकारी को ३१ जनवरी को ईसीआई को प्रक्रिया की एक व्यापक रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया गया था, इसलिए ३० जनवरी को एक प्रशिक्षण सत्र निर्धारित किया गया था और उसके बाद २ फरवरी को एक बैठक अयोजित की गई थी। हालांकि, इरकर न केवल प्रशिक्षण सत्रों और बैठकों में शामिल नहीं हुए, बल्कि उन्हें दिए गए पहले कारण बताओ नोटिस पर रिपोर्ट और अपना स्पष्ठीकरण प्रस्तुत करने में भी विफल रहे। बार-बार प्रयास करने के बावजूद इरकर ने फोन कॉल का जवाब नहीं दिया। नवीनतम नोटिस में स्पष्ठ रूप से कहा गया है कि इरकर की जानबूझकर लापरवाही के कारण रिपोर्ट जमा करने में देरी हुई है। अपने नवीनतम दूसरे कारण बताओ नोटिस में, एआरओ ने क्षेत्रीय अधिकारी नागेश इरकर को लिखा है कि ' उचित कारण के बिना आधिकारिक कर्तव्य के उल्लंघन के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, १९५० की प्रासंगिक धाराओं के तहत उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए? इसका खुलासा २४ घंटे के भीतर किया जाए।

# गटर की गंदी सब्जियों से सेहत को बढ़ा खतरा! रेल प्रशासन नकेल लगाने में असफल



ठाणे : लोकल यात्रा के दौरान पटरियों के किनारे उगाई जानेवाली सब्जियों को देखा होगा। इन सब्जियों की सिंचाई के लिए गटर के पानी का इस्तेमाल किया जाता है। गंदे पानी में उगाई गई इन जहरीली सब्जियों को मुंबई सहित ठाणे शहर और कल्याण के शहरवासियों की थाली में परोसा जा रहा है, लेकिन रेलवे प्रशासन कार्रवाई करने से कतरा रहा है। बता दें कि हर सुबह ऑफिस पहुंचने के लिए लोग लोकल से यात्रा करते हैं। इस यात्रा में रेलवे ट्रैक के किनारे छोटे-छोटे सब्जियों के खेत नजर आते हैं। इसमें पालक, मेथी और इसी तरह की सब्जियां उगाई जाती है। कई वर्षों से पटरियों के किनारे उगाई जानेवाली सब्जियां मुंबई सहित ठाणे शहर से लेकर कल्याण शहर तक लोगों की थालियों में परोसी जा रही हैं। इन सब्जियों के खाने से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन इन सब्जियों को उगानेवाले लोगों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। मुलुंड, ठाणे, कलवा, दिवा, डोंबिवली, कल्याण, अंबरनाथ, बदलापुर, टिटवाला में सब्जियां उगाने के लिए बड़ी मात्रा में सीवेज पानी का उपयोग किया जाता है। ये सब्जियां मुंबई डिविजन में १२५ से ज्यादा जगहों पर उगाई जाती हैं। पिछले २५ वर्षों से रेलवे पटरियों के किनारे सब्जियां उगाई जा रही हैं, जिसे लेकर कोर्ट में केस भी दायर किया गया था, लेकिन रेलवे की ओर से कहा गया है कि पटरियों पर अतिक्रमण रोकने के लिए सब्जियां लगाई गई हैं, परंतु रासायनिक फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले पानी का उपयोग सब्जियां को उगाने में किया जाता है।

# खतरनाक इमारतों के पुनर्विकास का रास्ता आसान किया जा सकता है - विधायक प्रताप सरनाईक

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: एमएमआरडीए द्वारा मीरा-भायंदर नगरपालिका क्षेत्र में पट्टे घर कुल योजना के तहत बनाए गए लगभग १६० वर्ग फुट के लगभग १५,००० घर खाली है और उन घरों को शरणार्थियों को देने के लिए स्वामित्व के आधार पर नगरपालिका को सौंपने की मांग की गई है। पिछले मानसून सत्र में प्रताप सरनाईक ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से संपर्क किया था. इस पर मुख्यमंत्री ने एमएमआरडीए आयुक्त संजय मुखर्जी को उन मकानों को नगर पालिका को नि:शुल्क सौंपने का आदेश दिया। लेकिन जिस तरह एमएमआरडीए ने मुख्यमंत्री के आदेश को सब्जबाग दिखाया है, उससे पता चला है कि मीरा-भायंदर नगर निगम उन घरों को पाने का इंतजार कर रहा है. एमएमआरडीए को नगरपालिका क्षेत्रों में विकास कार्यों से प्रभावित विस्थापितों के साथ-साथ खतरनाक इमारतों से विस्थापित लोगों को वैकल्पिक आश्रय प्रदान करने के लिए किराए के आधार पर बनाए गए खाली मकानों का लाभ उठाना चाहिए। ताकि शहर में मुख्य रूप से खतरनाक इमारतों के निवासियों के लिए वैकल्पिक आश्रय उपलब्ध हो सकें.सरनाईक ने दावा किया कि खतरनाक इमारतों के पुनर्विकास का रास्ता आसान किया जा सकता है. खतरनाक इमारतों के निवासी इमारत खाली करने का विरोध कर रहे हैं क्योंकि नगर पालिका द्वारा वैकल्पिक आश्रय प्रदान नहीं किया गया है। ऐसी इमारतें ग्राम पंचायत अवधि के दौरान बनाई गई हैं और उनमें रहने वाले कई निवासियों की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है, इसलिए उन्हें स्वयं सहायता व्यवस्था लेना पडता है इसलिए, एमएमआरडीए ने इन निवासियों को मध्यम किराये के आधार पर वैकल्पिक आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से एमएमआर क्षेत्र में किराये के आधार पर घरकुल योजना लागू की, जो नगरपालिका से किफायती और साथ ही मुफ्त वैकल्पिक आश्रय की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिसमें विकास कार्यों से प्रभावित लोग भी शामिल हैं। नगरपालिका क्षेत्र. इस योजना के तहत एमएमआरडीए निजी डेवलपर्स को भवन निर्माण के लिए ४ एक अतिरिक्त मैट एरिया इंडेक्स दिया गया है। कारपेट एरिया इंडेक्स में से एक में १६० वर्ग फुट के कारपेट एरिया वाले घरों का निर्माण डेवलपर से लेकर एमएमआरडीए तक मुफ्त में करता है। इनमें से ५० प्रतिशत मकान संबंधित नगर पालिका को १ प्रति वर्ग फीट की दर से पट्टे पर दिये जाते हैं। मीरा-भाईंदर नगर पालिका को प्राप्त इन घरों को तत्कालीन महासभा द्वारा वित्त पोषित किया गया था आधार पर जरूरतमंदों को केरा टोकरियों उपलब्ध करायी जाती हैं। नगर पालिका के नियंत्रण में मकान हालाँकि प्रशासन खतरनाक इमारतों और विकास कार्यों से प्रभावित लोगों को आश्रय प्रदान कर रहा है, लेकिन विस्थापितों की बढती संख्या की तुलना में इन घरों की संख्या अपर्याप्त है। इसके चलते सरनाईक ने मुख्यमंत्री से मांग की थी कि मीरा-भाईंदर मनपा क्षेत्र में एमएमआरडीए के कब्जे वाले करीब १५ हजार मकान स्यामित्व के आधार पर मनपा को मुफ्त में दिए जाए.

# सरकारी अस्पतालों में सुविधा नहीं मिली तो मनसे करेगी हल्लाबोल

भायंदर। मीरा रोड के रामदेव पार्क में २ फरवरी को सिलेंडर ब्लास्ट हुआ था, जिसमें एक युवक झुलस गया था। उसे भाईंदर के डॉ. पंडित भीमसेन जोशी हॉस्पिटल में एडमिट करने से मना कर दिया गया था। आज महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के एक शिष्ठ मंडल ने टेम्बा अस्पताल के मुख्य अधीक्षक डॉ. जाफर तडवी और सहायक डॉ. अल्पेश मिश्रा से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने मांग की कि अत्यावश्यक मरीजों को तत्काल भर्ती करने के लिए अलग से आईसीयू बेड उपलब्ध कराया जाए और अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर सुविधाएं प्रदान की जाएं, अन्यथा मनसे शैली में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। डॉक्टर अल्पेश मिश्रा ने जल्द ही मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मनसे के शिष्ठ मंडल में शामिल लोगों में उप जिला अध्यक्ष हेमंत सावंत, शहर संगठक शशि मेंडण विधानसभा अध्यक्ष सचिन वसंत पोपले, मनविसे शहर अध्यक्ष रॉबर्ट डिसूजा, उप विधानसभा अध्यक्ष शेखर गजरे, उप शहर अध्यक्ष अभिनंदन चव्हाण, गिरीश सोनी, सचिव हरेश सुतार, मनीष कामतेकर, नितिन अंडगले , महिला उप जिला अध्यक्ष पुतुल अधिकारी विधानसभा अध्यक्ष वैशाली येरुनकर, उप शहर अध्यक्ष मिस्टी गुप्ता, विभाग अध्यक्ष विजय भगत, नीलेश परमार, गणेश बामने, राजेश सावंत, बिपिन मिश्रा, शेरा पुरोहित, गर्वी ठाकुर, अशोक येवले, शिवाजी विचारे, अनिल देसाई, रोहित सुतार, आशीष वंदे गौरव शिंदे समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुम्बई के दहिसर इलाके में घर-घर संपर्क अभियान

मुंबई। घर-घर संपर्क अभियान का उद्घाटन रविवार, ४ फरवरी को सां. गोपाल शेट्टी द्वारा विधायिका मनीषाताई चौधरी के कार्यालय से किया गया। सांसद गोपाल शेट्टी ने कार्यकर्ताओं को अपनी सुविधा के पर घर चलो अभिया शुभारंभ अनुसार प्रतिदिन सुबह और शाम तीन घंटे समय देकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कार्यों और रिपोटों को लोगों तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। विधायक मनीषा चौधरी की ओर से मोती नगर इमारत में घर घर संपर्क अभियान का सांसद गोपाल शेट्टी के साथ क्रियान्वयन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गणेश खनकर, मंडल अध्यक्ष अरविंद यादव, सभी पूर्व पार्षद, प्रचार प्रमुख नीला सोनी राठोड.युवा मोर्चा अध्यक्ष अमर शाह सहित सैकडों पदाधिकारी उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद प्रसिद्धि प्रमुख नीला सोनी राठोड.और पूर्व पार्षद हरीश भाई छेडा ने वार्ड क्रमांक ८, बूथ १९२ पर सदा सहायिनी बिल्डिंग में घर-घर अभियान के तहत ३० घरों में संपर्क किया। इस संबंध में शनिवार रात को प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और मुंबई भाजपा अध्यक्ष एड. आशीष शेलार द्वारा पूरे महाराष्ट्र के संगठनात्मक स्तर पर एक वर्चुअल बैठक की गई थी। घर-घर संपर्क अभियान के तहत उत्तर मुंबई भाजपा के सभी नेता और पदाधिकारी बडी संख्या में मैदान में उतरे हैं, जिला अध्यक्ष गणेश खणकर ने कहा कि हम केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार के सभी विकास कार्यों को लिखित रूप में मतदाता तक पहुंचाएंगे और उत्तर मुंबई भाजपा इकाई ने इसके लिए जोर-शोर से काम करना शुरू कर दिया है।

# पुलिस प्रशासन में बड़े लड़कों को १०-२०-३० भूल जाओ

पुलिस बल में शामिल होने के ।बाद १० साल की निरंतर सेवा पूरी करने पर, अश्वसीत प्रगति योजना के तहत सीधे जमादार, २० साल के ।बाद सहायक पुलिस उप-निरीक्षक और ३० साल के बाद सीधे उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिलती है।. यह पुलिस बल में सुनिश्चित प्रगति योजना का नियम है। लेकिन यह बात सामने आई है कि पुलिस ।प्रशासन की स्थापना शाखा के अधिकारियों और लिपिकों ने अपने ही वरिष्ट अधिकारियों को गुमराह कर इस योजना को दबाए रखा और अपने ही पुलिस साथियों को इस योजना से वंचित रखा. यह आरोप लगाते हुए कि स्थापना शाखा के । अधिकारियों और क्लर्कों ने यूनिट प्रमुखों को गुमराह किया और उन्हें अश्वसीत प्राति यौजना १०-२०-३० के लाभों से वंचित कर दिया, अकोला में एक पुलिस अधिकारी ने अधीक्षक और क्लर्क के खिलाफ सीधे आपराधिक शिकायत दर्ज की। यदि पुलिसकर्मी; स्थापना शाखा द्वारा वरिष्टों को गुमराह किया गया? पुलिस को मनोवैज्ञानिक एवं आर्थिक लाभ मिलता है। लेकिन पुलिस बल में स्थापना शाखा में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की सुस्ती ।के कारण हजारों लोग नौकरी के ३० साल पूरे कर चुके हैं। पुलिस इस पदोन्नति योजना के लाभ से वंचित है। इस मामले में अकोला के पुलिस कांस्टेबल संतोष भीमराव नापटे ने खदान पुलिस स्टेशन में प्रशासनिक स्थापना विभाग के अधीक्षक और क्लर्क के खिलाफ आईपीसी की धारा १६६, १८८, ४६८, ४७१, ३४ के तहत शिकायत दर्ज कराई. जिसे देखते हुए पुलिस हलके में खलबली मच गई है. । नाम न छापने की शर्त पर एक पुलिस मित्र ने बताया कि ।इसके बाद देशभर के कई पुलिसकर्मी, जो शहरी और ग्रामीण पुलिस बल में लगातार १०-२०-३० साल सेवा दे चुके हैं और इस प्रमोशन का इंतजार कर रहे हैं. बताया गया है कि बडे.बाबू के खिलाफ अपने- अपने थाने में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है.

पत्रकार, विट्ठल शिरसे कन्ड.

































# शादी के अवसर पर वृद्धाओं को लिए मांगी एम्बुलेंस




**मिरारोड** : एक वरिष्ट रोटेरियन और मिरारोड रोटरी क्लब की पूर्व अध्यक्ष संध्या राजेन्द्र मेहता नेअपने पुत्र आदर्श मेहता के विवाह के अवसर पर सद्भावना एवं समाज-सेवा केभाव से विवाह-समारोह में पधारे सभी मेहमानों से विशेष रूप से अनुरोध किया कि वे नवविवाहितों के लिए कोई उपहार नहीं लायें, यदि कोई उपहार देना चाहते हैं, तो आशीर्वाद के साथ श्री नित्यानंद वृद्धाश्रम के लिए चिकित्सा एम्बुलेंस हेतु स्वेच्छिक राशि दे सकते हैं। मुम्बई में विवाह उपलक्ष में रिसेप्शन के समय एकत्र किया गया पूरा मौद्रिक योगदान (लिफाफे व नगदी) ओल्ड एज होम मेडिकल एम्बुलेंस के लिए होगा और यह उन्हें सामूहिक रूप से जाएगा। रोटरी क्लब ऑफ मिरा रोड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आव्हान किया गया कि यदि आप इस उत्कृष्ठ सामुदायिक सेवा में भाग लेना चाहते हैं, तो आप अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार इसमें आनलाईन पेमेंट मोबाईल नम्बर ९०२९२०८४६८ पर नाम लिख कर डाल सकते हैं। सभी दानकर्ता, जो रु.५,०००. से अधिक का योगदान करते हैं, उन्हें रोटरी क्लब ऑफ मिरा रोड द्वारा प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। आज शादी के कार्यक्रम-समापन पर दूल्हा-दुल्हन, सगे-संबंधी सहित मेहता परिवार ने आश्रम में मिठाई व फल का वितरण कर सबसे मिल कर हालचाल जाने।

# सरकारी की विभिन्न योजनाओं को लेकर शिविर संपन्न

मुंबई। मुख्यमंत्री की संकल्पना से साकार हुई महाराष्ट्र सरकार द्वारा योजना के माध्यम से मीरा-भाईंदर नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को महाराष्ट्र सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए ६ फरवरी एवं ७ फरवरी २०२४ को प्रात: ११.०० बजे से सायं ४.०० बजे तक शिविर का आयोजन पालिका आयुक्त एवं प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर के निदेर्शानुसार किया गया। उक्त शिविर में आयुष्मान योजना, आयुष्मान क्षय रोग एवं अन्य अभियान योजना, जननी सुविधा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, तपेदिक टी. बी। योजना, संपत्ति कर, प्रतिलेख संपत्ति हस्तांतरण पंजीकरण प्रमाण पत्र, निराश्रित, विधवा, तलाकशुदा महिलाओं के बच्चे, शैक्षिक वित्तीय सहायता. वहीं लडकियों और महिलाओं के लिए कैंसर उपचार वित्तीय सहायता, पुरुष कैंसर उपचार वित्तीय सहायता, विधवा, निराश्रित महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता. विभिन्न लाइसेंस, विकलांग व्यक्तियों के लिए सामग्री एवं उपकरणों की आपूर्ति की जानकारी दी जाएगी। दिनांक ०६ फरवरी २०२४ को मैक्सस मॉल भायंदर (पश्चिम), नवघर नाका पूर्व, और टीएमटी बस स्टेशन मीरा रोड, अगले दिन ०७ फरवरी २०२४ को मैक्सस मॉल भायंदर (पश्चिम), गोल्डन नेस्ट सर्कल, साहित्य रत्न डेमोक्रेट अन्नभाऊ साठे भवन काशीमीरा पुलिस स्टेशन में शिविर का आयोजन किया गया।

# मनपा करेगी पार्क की वसूली



ठाणे : ठाणे मनपा के माध्यम से पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के माध्यम से कोलशेत, ढोकाली में नमो सेंट्रल पार्क का निर्माण किया गया है। शुक्रवार को नमो सेंट्रल पार्क में का उद्घाटन किया गया। पार्क के उद्घाटन होते ही जिस चीज ने सबसे अधिक ध्यान लोगों का खींचा वह था शुल्क की दर। इसलिए जो लोग मुफ्त में सेंट्रल पार्क का आनंद लेना चाहते थे, वे अपने आप को ठगा महसूस कर रहे थे। पार्क बनाने के पीछे अच्छी मंशा यह थी कि ठाणेवासी पर्यटन के लिए कहीं और जाने की बजाय यहीं पर्यटन का आनंद लें, इसलिए पार्क निर्माण का निर्णय लिया गया था। इस पार्क का निर्माण टीडीआर के बदले एक डेवलपर को दिया गया था। शुल्क के अनुसार, पार्क में जाने के लिए मंगलवार से शुक्रवार २० रुपए वसूले जाएंगे तो शनिवार और रविवार शुल्क को बढ़कर ३० रुपए कर दिया गया है। वहीं १५ वर्ष से छोटे बच्चों के लिए निशुल्क रखा गया है, यानी पार्क में जाने के लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। पार्क दिन में सुबह ६ बजे से ११ बजे तक और शाम को ४ बजे से ९ बजे तक चालू रहेगा, जबकि पार्क सोमवार को बंद रहेगा। पार्क में साइकिल प्रवेश शुल्क २० रुपए होगा। इसी तरह चार पहिया वाहनों से चार घंटे के लिए ४० रुपऐ, चार घंटे के बाद हर घंटे के लिए १० रुपए, दोपहिया वाहनों के लिए २० रुपए, चार घंटे के बाद हर घंटे के लिए १० रुपए और साइकिल के लिए १० रुपए का शुल्क लिया जाएगा, ऐसा मनपा के वृक्ष प्राधिकरण विभाग ने बताया। बता दें कि बता दें कि वर्ष २०१७ में सेंट्रल पार्क का भूमिपूजन शिवसेना पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा किया गया था। इस पार्क का उल्लेख शिवसेना के घोषणापत्र में किया गया था। पूर्व मनपा आयुक्त संजीव जयसवाल की संकल्पना से ढोकली क्षेत्र में २० एकड़ जमीन पर सेंट्रल पार्क बनाने का निर्णय लिया गया था। इस संबंध में प्रस्ताव को २०१७ में महासभा में मंजूरी दी गई थी।

# लावारिस वाहनों की निलामी से सरकार की बढी आय

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : मीरा भायंदर शहर के विभिन्न हिस्सों में मिले लावारिस वाहनों के निपटान की प्रक्रिया काशीमीरा ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा की गई। जिसमें प्रादेशिक परिवहन विभाग द्वारा लावारिस वाहनों के मूल्यांकन किए गए।कुल १९४ वाहनों का करीब ६ लाख ६१ हजार रुपए मूल्यांकन की गई। इसके बाद एमएसटीसी संस्था द्वारा इन वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण की गई ।जिसमें हरियाणा के इंडियन मोटर्स कंपनी ने १७ लाख ४९ हजार रुपए की सर्वाधिक बोली लगाकर वाहनों की खरीदी की, ऐसी जानकारी काशीमीरा ट्रैफिक पुलिस विभाग के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक देवीदास हंडोरे ने दी है। विगत ८ माह में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले २,२२७ वाहन चालकों की खोज सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज के माध्यम से काशीमीरा ट्रैफिक पुलिस ने की है। अब इन वाहन चालकों पर कारवाई कर उनसे दंड वसूलने का निर्णय लिया गया है। हाल ही में मनपा प्रशासन ने संपूर्ण शहर में प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया। वहीं कई स्थानों पर पहले से ही सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिसको भायंदर पश्चिम में फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे स्थित कंट्रोल रूम से संचालित किया जाता है और पुलिस इस पर निगरानी रखती है। जहां से सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग की जांच कर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के वाहन के नंबर से उसका पता आदि की सूची तैयार कर उन पर दंडात्मक कारवाई की जाती है, ऐसी जानकारी हंडोरे ने दी है। जिन वाहन चालकों के खिलाफ सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच कर मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कारवाई कर दंड वसूलने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उनमें बिना सीट-बेल्ट के गाडी चलाना, हेलमेट-रहित सवारी और बिना साइड मिरर वाले वाहन, सिग्नल जंपिंग, ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, तीन सीटों पर सवारी (ओवर सीट) करना, अवैध पार्किंग, फैंसी नंबर प्लेट लगाना आदि का समावेश है।

# कोंकण संभाग स्तरीय नमो महारोजगार बैठक २४ और २५ फरवरी को

ठाणे : २९ जनवरी २०२४ को मुंबई के सह्याद्री गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कोंकण संभाग स्तरीय नमो महारोजगार बैठक आयोजित की जाए ठाणे जिले में. तदनुसार कल दिनांक ५ फरवरी २०२४ को कलेक्टर कार्यालय के समिति कक्ष में कलेक्टर अशोक शिंगारे की अध्यक्षता में तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनीषा जायभाये-धुले, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रूपाली सातपुते, डिप्टी कलेक्टर (सामान्य प्रशासन) गोपीनाथ थोम्बरे, मीरा भयंदर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मनोरकर, उद्योग विभाग कोंकण संभाग नवी मुंबई की संयुक्त निदेशक श्रीमती श्रीमती. विजू शिरसाट, ठाणे नगर निगम के उपायुक्त जी. सुनील पाटिल, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेंद्र गायकवाड, जिला कौशल विभाग सहायक आयुक्त संध्या सालुंखे, उप श्रम आयुक्त श्री पवार, सहायक आयुक्त चेतन जगताप, सहायक आयुक्त समाज कल्याण साधन इंगले, जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती सीमा पवार, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रमेश सुरंग, जिला व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण अधिकारी महेश जाधव, कार्यपालन यंत्री वरि विद्युत संजय पुजारी, विभिन्न औद्योगिक संघों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, विभिन्न निगमों के प्रबंधक आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए कलेक्टर अशोक शिंगारे ने कहा, १७ और १८ फरवरी २०२४ को (अब संशोधित तिथि २४ और २५ फरवरी २०२४) महाराष्ट्र सरकार का कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग धनमो महारोजगारध कोंकण प्रभाग स्तरीय बैठक आयोजित करेगा। जिले में हाईलैंड ग्राउंड में, यह ढोकली, माजीवाडा, ठाणे (पश्चिम) में आयोजित किया जाएगा। यह रोजगार मेला महाराष्ट्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आयोजित किया गया है। जिले के सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी, निजी प्रतिष्ठानों को वेब पोर्टल पर उद्यमी पंजीकरण और रिक्तियों के साथ-साथ उम्मीदवार पंजीकरण और रिक्ति पंजीकरण को अधिसूचित/प्रकाशित करना आवश्यक है। यदि इस संबंध में कोई समस्या हो तो संबंधित जिले के नोडल अधिकारी के हेल्पलाइन नंबर१८००१२०८०४० पर संपर्क करें। ३ फरवरी, २०२४ तक नमो महारोजगार मेले के लिए १३ प्रतिष्ठानों द्वारा २ हजार ६०३ रिक्तियां अधिसूचित की गई हैं। महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास सोसायटी/महाराष्ट्र राज्य इनोवेशन सोसायटी/व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण निदेशालय के साथ-साथ कौशल विकास विभाग के तहत उद्योग और श्रम विभाग को सूचित किया गया है। रोजगार मेले की योजना के मद्देनजर विभिन्न कंपनियों से संपर्क किया गया है। तदनुसार रिक्तियों की अधिसूचना/प्रकाशन के संबंध में निर्देश दिये गये हैं। इस माध्यम से १ लाख ५० हजार युवाओं को रोजगार देने का संकल्प लिया गया है. उन्होंने अंत में कहा कि इस कारण यह आवश्यक है कि सभी विभाग मिलकर इस रोजगार मेले को पूर्ण रूप से सफल बनायें।

# पल जो फिर नहीं आते पुस्तक का विमोचन मंजु प्रीतम द्वारा लिखी गई पुस्तक

**जेकेएस संवाददाता**

भिवंडी। मुम्बई (भिवंडी) ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र मे डॉ. काशीनाथ नाट्यगृह हॉल मे मंजू प्रीतम की लिखी पुस्तक धपलध जो फिर नहीं आते का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दूर-दूर से कई गणमान्य ने अपनी उपस्थिति दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मेट्रोपॉलिटन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के प्रमुख डॉ. राहुल पांडेय, ठाणे की प्रसिद्ध अनुग्रह क्लिनिक ठाणे से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा लता मेनन और डॉ. इंगेवाले ने शिरकत की और इसके साथ ही उन्होंने इस पुस्तक को खूब सहारना भी की' इतना ही नहीं रोटरी इंटरनेशनल क्लब से परिवार के सदस्यों और मित्रों ने आकर इस कार्यक्रम में चार चाँद लगाते हुए इन पलों को विशेष और यादगार बनाया' इस कार्यक्रम का शुभ आंरभ मुंबई जयेश मजियाठी ने दीप प्रज्वलित करके किया। बता दें कि मंजु प्रीतम और उनके पुत्र अविनाश व पुत्री वर्षा ने जुपिटर हॉस्पिटल के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विजय सुरासे के हाथों पुस्तक का विमोचन कराया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ. सुरासे थाने से




आए सभी मेहमानों ने मंजु प्रीतम जी का आभार व्यक्त किया। बता दें कि मंजु प्रीतम एक बेहद ही कुशल लेखिका है। जिन्होंने कई पुस्तकें भी लिखी है। लेकिन यह पुस्तक उनकी सबसे विशेष पुस्तकों में से एक है। जिसमें उन्होंने अपने कुछ पलों का उल्लेख किया है, जो उनके चेतन और अचेतन मन मे कहीं दवे थे। पुस्तक का सार है जीवन का हर पल एक कहानी या एक कविता बन सकती है। इस पुस्तक में मंजु की करीब २५ कविताएं प्रकाशित हुई है जो दिलों को छू जाने वाली है। इस कार्यक्रम के दौरान अविनाश ने बताया कि उनकी मां बैंक ऑफ इंडिया में उच्च अधिकारी के पद पर कार्यान्वित थीं, जो अब सेवा निवृत्त हो चुकी है। उन्होंने अपने जीवन के सभी पलों को एकजुट कर उन्हें इस पुस्तक में कैद किया है। उन्हें गर्व है कि उन्होंने अपनी मां के अंदर छुपे गुणों को उजागर किया है। उनकी ७८ वर्ष की आयु में अपनी माँ की यह पुस्तक उन्होंने लोगों के सामने लाने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया है। मंजु प्रीतम के बेटे अविनाश और बेटी वर्षा के प्रयासों से यह पुस्तक विमोचन का एक भव्य और सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह उनके लिए बहुत ही भाग्यशाली और भावपूर्ण पल है। उन्होंने बताया कि जल्द ही उनकी दूसरी पुस्तक का भी विमोचन होने वाला है। जो वो लोगों के सामने जल्द ही प्रस्तुत करेंगी

# जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पाण्डेय द्वारा उत्तर भारतीयों के लिए असल्फा मेट्रो स्टेशन के नीचे आमरण अनशन हुआ समाप्त

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : जीवनधारा संघ का उत्तर भारतीयों के लिए असल्फा मेट्रो स्टेशन के नीचे आमरण अनशन हुआ समाप्त हो गया है. ये अनशन करने का कारण २२ जनवरी २०२४ को संघर्ष नगर इच्छापूर्ति संकट महादेव मंदिर में सांसद पूनम महाजन द्वारा पूजा अर्चना की जा रही थी उसी समय भाजपा के वार्ड नं १६१ अध्यक्ष प्रदीप बंड ने उत्तर भारतीय समाज और ब्राह्मण पुजारी को गाली दिया था उस समय भाजपा चांदीवली विधानसभा अध्यक्ष प्रकाश मोरे हंस रहे थे जिसके कारण उत्तर भारतीय समाज बहुत आहत हैं जिसके बाद जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पाण्डेय व मुंबई महिला अध्यक्षा साधना शर्मा व उत्तर भारतीय समाज ने आमरण अनशन की चेतावनी दी थी लेकिन साकीनाका पुलिस बल का सम्मान करते हुए उनके आश्वाशन पर अनशन समाप्त किया गया जिसमे भाजपा के वरिष्टों और महाराष्ट्र प्रदेश व मुंबई के वरिष्ट पदाधिकारीयों से मांग की है



भाजपा के वॉर्ड क्रमांक १६१ के अध्यक्ष प्रदीप बंड सौ. साधना शर्मा जी के परिवार से सार्वजनिक माफी मांगे और सोशल मीडिया की वीडियो डिलीट करे,भाजपा चांदीवली विधानसभा श्री.अध्यक्ष प्रकाश देवजी मोरे को विधान सभा अध्यक्ष पद से व भाजपा वार्ड क्रमांक १६१ के अध्यक्षश्री. प्रदीप बंड को पद से हटाया जाए और श्री. सुरेंद्र यादव को भाजपा के पद पर पुन: सम्मान सहित लिया जाय व उत्तर भारतीयों को अपशब्द कहने वाले पर कानूनी कारवाई की जाये। ऐसी मांग जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद पाण्डेय ने मांग की है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पाण्डेय ने खुली चेतावनी देते हुए, ५ दिन के बाद १६ फरवरी २०२४ शुक्रवार को फिर से असल्फा मेट्रो स्टेशन के नीचे पुन: आमरण अनशन पर बैठेंगे और प्रदीप बंड का कार्यालय तोड.ने कि बात कही है। वही मुंबई महिला अध्यक्षा साधना शर्मा ने कहा अगर हमे न्याय नही मिला तो सासंद पूनम महाजन के कार्यालय का घेराव करेंगे इस अनशन में मुख्य रूप से उपास्थित यादव संघ के सुरेंद्र यादव, समाज सेवक सर्वेश सिंह व राजेश तिवारी,जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल कुडिय़ा जीवनधारा संघ परिवार के लोग तमाम उत्तर भारतीय समाज उपस्थित था जिसका गोविंद (भाऊ) पाण्डेय ने दिल से आभार प्रकट किया।

# जनता की सुविधा के लिए वसई से भायंदर के बीच रो-रो सेवा सुरु करने की मांग



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर से वसई की दूरी मात्र ८ से १० किलोमीटर है, लेकिन सड़क मार्ग से जाने पर एक घंटे से अधिक समय लग जाता है। दोनों शहरों के बीच की दूरी कम करने को लेकर २०१६ में ॐमहाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड ने दोनों शहरों के बीच यात्रा को गति देने के लिए भायंदर और वसई के बीच रो-रो सेवा शुरू करने के लिए वहां जेट्टी पर काम शुरू किया था। इसका काम अभी तक अधूरा पड़ा है। इसको लेकर सांसद राजन विचारे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) व महाराष्ट्र सागरी मंडल के सदस्य ने दोनों जगहों का निरीक्षण किया है। इसके बाद राजन विचारे ने मैरीटाइम बोर्ड से भायंदर और वसई के बीच रो-रो सेवा जल्द शुरू करने की मांग की है। रो-रो सेवा शुरू करने का उद्देश्य दोनों शहरों के बीच आवागमन को आसान व सुगम बनाना है। वर्तमान समय में भायंदर-मीरा रोड के लोगों को वसई, पश्चिम जाना हो तो लोकल ट्रेन अगर छोड़ दें तो सड़क मार्ग से काफी लंबा घूमना पड़ता है। जब ये रो-रो सेवा शुरू हो जाएगी तो लोग समुद्री मार्ग से आसानी से १० मिनट में वसई (पश्चिम) पहुंच सकते हैं। भायंदर (पश्चिम) में जेट्टी का काम कुछ साल पहले पूरा हो गया, जबकि वसई जेट्टी के निर्माण में पुरातत्व और पर्यावरण विभाग की तरफ से कुछ अड़चनें थीं। नियोजित घाट कहीं और प्रस्तावित होने के बाद निर्माण कार्य में थोड़ी देरी हुई, लेकिन अब वसई का जेट्टी का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। बचा हुआ काम भी जल्द ही पूरा हो जाएगा। रो-रो सेवा से यात्रियों की समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। चूंकि भायंदर, वसई दोनों खाड़ी और समुद्र रो-रो सेवा के तहत यात्री अपने दोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ बड़ी नावों द्वारा यात्रा कर सकेंगे। इस सेवा के शुरू होने से सबसे ज्यादा फायदा वसई किले के पास स्थित वसई गांव, परानाका, वसई कोर्ट, पाचुबंदर आदि के लोगों को होगा।

# मनपा ने पेयजल टंकियों की गहन सफाई का निर्णय

**जेकेएस संवाददाता**

भयंदर । मीरा भायंदर मनपा ने पेयजल टंकियों की गहन सफाई का निर्णय लिया है।इसके लिए निविदा भी जारी कर दी गई है। वरिष्ट भाजपा नेता रोहिदास पाटील (काका) की मांग पर प्रशासन ने यह निर्णय लिया। मीरा भायंदर में कुल ४२ पेयजल टंकियां है। इनमें ३६ स्तंभ टंकी तथा छह भूतल टंकी हैं।इन टंकियों में संचय करने के बाद पूरे शहर को पेयजल की आपूर्ति की जाती है।नियमों के मुताबिक प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु से पहले या वर्षा ऋतु के बाद पेयजल टंकियां की सफाई जरूरी रहती है।लेकिन यह काम मीरा भायंदर मनपा का जल विभाग भूल गया था। पिछले २ साल से टंकियां



की सफाई हुई नहीं थी। पूर्व भाजपा नगरसेवक रोहिदास पाटील( काका) ने पत्र लिखकर प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाया। पत्र में उन्होंने कहा था कि पिछले दो-तीन साल से शहर को जलापूर्ति करने वाली मुख्य पाइपलाइन के फटने और उसकी मरम्मत का सिलसिला चालू है।इस दौरान गंदा और मटमैला पानी टंकियां में चला जाता है,जिससे काफी मात्रा में कीचड.टंकियों की सतह में जमा हो गया है।इसकी वजह से दूषित जलापूर्ति का खतरा बना हुआ है। अगर ऐसा हुआ तो बीमारियां फैल सकती हैं।उनकी मांग पर मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने गंभीरता से विचार किया।उन्होंने प्रतिवर्ष अनिवार्य रूप से टंकियां की स्वच्छता का आदेश निर्गमित किया है।मनपा के निर्णय के मुताबिक टंकियों के भीतरी हिस्से को प्रेशर वॉटर पंप तथा पारंपरिक व तकनीकी तरीके से साफ किया जाएगा।साथ ही अल्ट्रावायलेट रेडिएशन से टंकियों में व्याप्त जंतुओं को मारा जायेगा।

# माझी वसुन्धरा कार्यक्रम के द्वारा कई अनेक कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न

भाईंदर : मीरा भायंदर नगर निगम माननीय. आयुक्त एवं प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू किये गये माझी वसुन्धरा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियाँ क्रियान्वित की जा रही हैं। शहर के नागरिकों में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत १० फरवरी २०२४ को नगर निगम के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों के लिए महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता से संबंधित विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सशक्त महिला, सशक्त देश, स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन, विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की



सफलता, मेरी मीरा भायंदर स्वच्छ मीरा भायंदर, कचरा पृथक्करण का महत्व, शिक्षित महिला समृद्ध भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर निगम क्षेत्र के ७५ स्कूलों से ७,००० से अधिक छात्रों ने भाग लिया। माननीय. कमिश्नर ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बोलते हुए श्री. कमिश्नर ने सभी विद्यार्थियों से कहा, आप भविष्य हैं, आपको अभी से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की आदत अपनानी चाहिए और अपने भविष्य को प्रदूषण मुक्त, हरित और प्लास्टिक मुक्त बनाने में योगदान देना चाहिएध। उसके बाद मा. आयुक्त, अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधिकारियों, प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में मुझे सौंदर्य एवं स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी. छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग को देखकर श्री. आयुक्त एवं प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर ने विद्यार्थियों के कौशल की विशेष रूप से सराहना की तथा सभी विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही, नगर निगम के अधिकारी, प्राचार्य और शिक्षक नगर निगम के स्कूलों के स्तर को ऊपर उठाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। कमिश्नर ने किया. इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मनोरकर, उपायुक्त संजय शिंदे, उपायुक्त कल्पिता पिंपले, शिक्षा अधिकारी सोनाली माटेकर, छह. आयुक्त संजय डोंडे, छह. आयुक्त योगेश गुनीजन, प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कांगुडे, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे.

# भाजपा की गाँव चलो अभियान की शुरुवात

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : शहरी बूथ तथा गांवों तक अपनी पकड.और मजबूत करने के लिए भाजपा मीरा भायंदर में ७ फरवरी से ११ फरवरी के बिच गांव चलो अभियान चलाएगी। अब तक भाजपा ने जितने अभियान चलाए वे




सभी सशक्तीकरण के नाम से थे लेकिन पहली बार भाजपा गांव चलो अभियान शुरू करने जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया की इस अभियान के दौरान भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता शहर के बूथों तथा गांव में २४ घंटे बिताएंगे। यह अभियान लोकसभा चुनाव से पहले कई लक्ष्यों को साधेगा, जहा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के गांव के समग्र विकास के सपने को पार्टी कार्यकर्ता साकार करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया की इस अभियान के दौरान शहर के नगरीय बूथों तथा ग्रामीण क्षेत्र में कार्यकर्ता भाजपा की रीति-नीति, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार- प्रसार करेंगे और जन-जन तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाएगा उन्होंने बताया की लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का 'गांव चलो' अभियान कई लक्ष्य साधेगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गांव के समग्र विकास के संकल्प को सभी गांवों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाएगा। यहां यह गौरतलब है कि पार्टी का प्रयास है कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पीएम मोदी की योजनाओं का लाभ पहुंचे।

# जनता और पुलिस के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन संपन्न

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। एकता और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और शांति से अपना जीवन जीने की अवधारणा के साथ, मीरा भायंदर, वसई विरार पुलिस आयुक्तालय. द्वारा भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ग्राउंड, भायंदर पूर्व में क्रिकेट मैचों का आयोजन किया। पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीकांत पाठक के मार्गदर्शन में रविवार को पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों की टीम के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन



किया गया। एकता और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अवधारणा के साथ नवघर पुलिस थाने की हद्द मे भारत रत्न सचिन तेंदुलकर मैदान पर आयोजित इस मैच को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। शहर के सभी जाति, धर्म और समुदाय के करीब १५० से २०० लोग मौजूद थे. पुलिस कमिश्नर मधुकर पांडे ने उनसे बातचीत भी की. क्रिकेट मैच पुलिस कमिश्नरेट की टीम ने जीता। पुलिस कमिश्नर मधुकर पांडे ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। क्रिकेट मैच में सर्वश्रेष्ट गेंदबाज, बल्लेबाज एवं मैन ऑफ द मैच को पुरस्कार भी वितरित किये गये। मैच देखने पहुंचे पुलिस उपायुक्त प्रकाश गायकवाड.सहायक पुलिस आयुक्त, उमेश माने, विजय मराठे, दीपाली खन्न, साथ ही सभी पुलिस स्टेशनों के अधिकारी, और बडी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# स्कूल बस को मिली मंजुरी, पर वंचित है विद्यार्थी

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भाईंदर महानगरपालिका की स्थायी समिति ने अपने प्रशासनिक बजट २०२२ में नगरपालिका स्कूल के छात्रों को मुफ्त बस सेवा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से घर-से-स्कूल यात्रा के लिए स्कूल बसों की शुरुआत को मंजूरी दी थी। तदानुसार, बजट में १० लाख का प्रावधान भी किया गया था। लेकिन दुर्भाग्यवश सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सुविधा हेतु की गई यह अच्छी पहल अब तक कागजों में ही सीमित रह गई। नगर पालिका की स्कूलों में शिक्षा को डिजिटल बनाने का निर्णय २०२२ में स्थायी समिति द्वारा लिया गया था। तदनुसार, नगर पालिका के स्कूलों में डिजिटल शिक्षा शुरू की गई। इसके बाद छात्रों की यूनिफॉर्म को भी नया लुक देते हुए बदल दिया गया। नगरपालिका स्कूलों के स्तर को बढाने के लिए ९वीं और १०वीं कक्षा शुरू करने के लिए उस समय के बजट में ९० लाख और मध्यम अंग्रेजी शिक्षा के लिए ९५ लाख से अधिक की बढोतरी की गई थी।



इसके मुताबिक नगर पालिका स्कूलों में ९वीं और १०वीं की ५-५ कक्षाएं शुरू की गईं। जबकि तीसरी और चौथी कक्षा के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देने के लिए ठेके पर शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। उस समय के सत्ताधारियों के साथ-साथ प्रशासन ने नगर पालिका की स्कूलों में शिक्षा को निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर बनाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। इन स्कूलों में छात्रों के शैक्षिक स्तर और उनके संख्या में वृद्धि के लिए, २६ मार्च, २०२२ को प्रशासन ने उस समय के प्रशासनिक बजट में पर्याप्त वृद्धि की थी। विद्यार्थियों को मुफ्त स्कूल बस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तत्कालीन बजट में १० लाख का प्रावधान किया गया था। इसके बाद २७ अगस्त २०२२ को नगर पालिका में सत्ता का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रशासन की ओर से स्कूल बस सेवा मुहैया करने का निर्णय केवल कागजों तक ही सीमित रह गया। इस निर्णय के अनुसार, नगर पालिका स्कूलों के छात्रों को उनके घरों और स्कूलों के बीच मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जानी थी। लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया जा सका है। इसलिए, छात्र पिछले दो वर्षों से मुफ्त स्कूल बस यात्रा से वंचित हैं और उन्हें अब भी पैदल स्कूल जाना पडता है।

# बनाना लीफ होटल में मारा छापा, दलालों के चंगुल से मुक्त हुई लडकियां

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: अनैतिक मानवी शाखा भायंदर ने २ पुरुष दलालों को हिरासत में लेकर उनके चंगुल से ४ पीडित लडकियों को मुक्त कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दलाल सुलेमान नारकथोल तथा चंद्रराज उर्फ मायकल मुत्तिपोग खुद को प्रोड्यूसर बता कर लडकियों को सीरियल, वेब सीरीज, आदि में काम दिलाने का झांसा देकर उन्हें वेश्यागमन की और ढकेल रहा था ! जिस पर अनैतिक मानवी शाखा के पुलिस निरीक्षक समीर अहीरराव को गुप्त सूचना मिली थी की सोलोमान नारकांथोल्लू फोन के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क कर उन्हे बताता था की उसके पास फिल्मों में काम करने वाली लडकियां है। वह मीरा-भायंदर, गोराई (बोरीवली), मुंबई, ठाणे, लोनावाला, दमण आदि जगहों पर होटल में रूम बुक कर ग्राहकों से ४० हजार रुपए लेकर वेश्यागमन के लिए उन लडकियों की आपूर्ति करता है। जिस पर पुलिस ने फर्जी ग्राहक और २ पंचों के माध्यम से दलालों से संपर्क किया और दलाल सोलोमन के बताए अनुसार भायंदर पूर्व के इंद्रलोक परिसर में स्थित बनाना लीफ होटल में छापा मार कर लडकियों की आपूर्ति के बदले पैसे स्वीकारते हुए सोलोमन और उसके साथी चंद्राराज उर्फ मायकल को हिरासत में लेकर उनके चंगुल से ४ पीडित लडकियों को मुक्त करवा कर आरोपियों के खिलाफ नवघर पुलिस स्टेशन में अनैतिक व्यापार प्रतिबंध नियम १९५६ की कलम ४, ५ के तहत मामला दर्ज कराया गया है।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI